26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 26 फरवरी, 2026
अंक- 124 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

“ सपा द्वारा बसपा संस्थापक कांशीराम की जयंती को 'पीडीए दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने तंज कसते हुये कहा कि सपा का चाल, चरित्र और चेहरा हमेशा से ही दलितों, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और बहुजन समाज विरोधी रहा है।

# जिस महिला से कम्बल छीना गया था, वो आज खुद हिंदुओं के भेजे कम्बल बांट रही है...



**टोंक- राजस्थान (चिंगारी)।** गंगा जमुनी तहज़ीब हमारे देश की पहचान है। कुछ लोग सियासी फायदे के लिये इस प्रेम व आपसी मुहब्बत को नफ़रत व अलगाव में बदलना चाहते हैं लेकिन खुद हिन्दू जनता इसके खिलाफ़ बार बार उठ खड़ी होती है। राजस्थान के टोंक में जिस मुस्लिम महिला से पूर्व बीजेपी एमपी ने कम्बल देकर उसका धर्म जानने के बाद कम्बल छीन लिया था। उसका प्रतिकार पूरे देश में लोग उस बुजुर्ग मुस्लिम महिला को एक दो नहीं ढेर सारे कम्बल भेजकर कर रहे हैं। कम्बल भेजने वाले अधिकांश हिंदू हैं। दिलचस्प बात यह है यह मुस्लिम लेडी शकूरन जो कल तक कम्बल के लिये लाइन में लगी थी और कम्बल मिलने के बाद छीने जाने पर दुखी और लज्जित महसूस कर रही थी, आज देशवासियों से थोक में कम्बल प्राप्त कर खुद अपने जैसे गरीब और असहाय लोगों को कम्बल बांटने निकल पड़ी है। इस घटना से ऐसा लगता है कि लोगों ने नफरत का जवाब मोहब्बत से देना शुरू कर दिया है।

टोंक की शकुरन बानो के साथ जो हुआ, वह दुखद था। पूर्व भाजपा सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया ने कंबल वितरण के दौरान उनका नाम पूछकर कंबल वापस ले लिया था, और कहा कि मोदी की आलोचना करने वालों को इसका हक नहीं है। जबकि ऐसा कोई सबूत नहीं था, कि शकूरन ने कभी मोदी को बुरा कहा हो, लेकिन इसके बाद की कहानी दिल छू लेने वाली है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद, देश के अलग-अलग हिस्सों से लोग आगे आए और शकूरन बानो को थोक में कंबल भेजे। यह खुद हिन्दू लोगों का बीजेपी के नेता की नफ़रत का जवाब मुहब्बत से देने का नया अंदाज़ है। अब शकूरन खुद उन कंबलों को गांव की अन्य जरूरतमंद महिलाओं जिनमें हिंदू महिलाएं भी शामिल हैं,को बांट रही हैं। यह एक छोटा मगर शक्तिशाली उदाहरण है कि कैसे एक नकारात्मक घटना को सकारात्मक ऊर्जा में बदला जा सकता है।

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़
बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE
इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती





डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें
आने से पहले कॉल करें-
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

जिले का पहला एवं एकमात्र
Sports Injury & Joint Replacement Centre
भगवती ऑर्थोपेडिक एण्ड स्पोर्ट्स इंजरी हॉस्पिटल
डॉ. मनु अग्रवाल
M.B.B.S., M.S. FITS, (Banglore) FiAS, FIJR (JAIPUR)
-सुविधाएं-
1. घुटने की गद्दी (MENISCUS) फटना
2. लिगामेंट का टूटना (ACL/PCL)
3. पुरानी चोट या आप्रेशन की वजह से घुटना ना मुंढना
4. कंधे का बार-बार उतरना (SHOULDER DISLOCATION) 5. कंधे की नस का दबना या फट जाना (Rotator Cuff Tear) 6. कुल्हे का बदलना (DAA) /घुटने का बदलना (विदेशी Implant के साथ)
7. टूटी हड्डियों का Operation (Titanium Implant से किया जाता है।
निम्न बीमारियों का आप्रेशन आयुष्मान योजना के अन्तर्गत भी होता है।



रविवार अवकाश
समय प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक सायं 6 बजे से 7 बजे तक
पता- निकट रेलवे स्टेशन चौराहा, किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9829211842, 8218989411

पं. उ.प्र. में सर्वप्रथम विराजित



सांवलिया सेठ
(श्याम बाबा) के दर्शन करें।
प्राचीन शिव मंदिर अग्रवाल धर्मशाला
रम्मू का चौराहा, बिजनौर
मो. 9927652453

होटल में स्टाफ की आवश्यकता
2. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी
वेतन 15000-16000/- रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)
योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव
2. वेटर/बेल ब्वॉय
वेतन 9000-10000/- अनुभवानुसार (दिन/रात शिफ्ट)
योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना
होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747

# बी.टेक का परीक्षाफल घोषित, छात्रों में खुशी की लहर





**बिजनौर ( चिंगारी )**। आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बिजनौर के बीटेक प्रथम, तृतीय, पंचम व सप्तम सेमेस्टर का परीक्षाफल डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया गया। बीटेक प्रथम सेमेस्टर से हर्षिल राजपूत ने 88.9 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, भुमि सिंघल व मौ. अहद ने 87.7 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान और मानसी ने 86.7 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीटेक तृतीय सेमेस्टर में शुभम वर्मा (कम्प्यूटर सांइस) ने 88.3 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान और स्वीटी (कम्प्यूटर सांइस) ने 84 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान व रिहान (कम्प्यूटर सांइस) ने 83.1 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीटेक पचंम सेमेस्टर में केतन कमल (इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी) ने 88.6 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान और रामधन टीयू (इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी) ने 87.8 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान व अनामिका (इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी) ने 87.4 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीटेक सप्तम सेमेस्टर में साजिया नौशाद (कम्प्यूटर सांइस) ने 90.3 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, हादिया (कम्प्यूटर सांइस) ने 88.4 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान व पर्व चौहान (कम्प्यूटर सांइस) ने 88 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इनके अतिरिक्त संस्थान के सभी छात्र-छात्राओं ने बहुत अच्छे अंक प्राप्त किये। प्रबन्धक निदेशक सन्नी देशवाल और टेक्नोलॉजी निदेशक डॉ. नितिन अग्रवाल ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दीं।

## नेत्र जांच शिविर में 75 मरीजों का मोतियाबिंद आप्रेशन के लिये चयन

**बिजनौर ( चिंगारी )**। रघुनाथ प्रसाद वीरेंद्र कुमार अग्रवाल द्वारा अग्रवाल भवन नूरपुर रोड, बिजनौर में विशाल नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर पूर्व की भांति निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के चिकित्सकों को टीम द्वारा लगाया गया, जिसमें मोतियाबिंद के 185 मरीजों का परीक्षण किया गया व 75 मरीजों का मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। इस शिविर में मरीजों की भारी भीड़ रही। निर्मल आश्रम आई इंस्टिट्यूट के डॉक्टरों द्वारा नेत्रदान के महत्तव पर प्रकाश डाला गया। बताया कि बिजनौर में भी नेत्रदान जागरूकता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। गौरतलब है कि



यहां पर रघुनाथ प्रसाद वीरेंद्र कुमार अग्रवाल सर्राफ द्वारा समय-समय पर निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से फ्री आई कैंप आयोजन किया जाता है तथा नेत्रदान करने के लिए भी जनता को प्रेरित किया जाता है। विकास अग्रवाल का कहना है कि दुनिया में बहुत लोग ऐसे हैं जिनको पृथ्वी के सुनहरे रंग देखने का अवसर नहीं मिलता है। उन्होंने यह बताया कि आंखें (कार्निया) नि:शुल्क ली जाती हैं और नंबर आने पर नि:शुल्क ही लगाई जाती हैं। नेत्रदान मरकर भी जिंदा रहने का वरदान है। नेत्रदान ही महादान है, इसके लिए हम सब लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। समाज में सब लोग आंखों को बचाने की सोचें तो शायद ही धरती पर कोई नेत्रहीन रह पाएगा, यानी सबको दुनिया में उजाला देखने को मिलेगा। संकल्प फॉर्म भरने के लिए मोबाइल नंबर 9837027465 पर संपर्क करने के लिए कहा गया। विकास अग्रवाल सर्राफ ने बताया कि अगला नि:शुल्क नेत्र शिविर 1 अप्रैल 26 को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक पूर्व की भांति अग्रवाल भवन में लगाया जाएगा।

**चिकित्सकों ने बताया कि नेत्रदान किसी भी उम्र के व्यक्ति द्वारा किया जा सकता है। जरूरी नहीं है कि उसने पहले से ही संकल्प फॉर्म भर रखा हो, नेत्रदान कोई भी कर सकता है। नेत्रदान की प्रक्रिया बताते हुए कहा कि मृत्यु के 6 घंटे के अंदर आंखें दान कर देनी चाहिएं। मृतक की आंखें बंद करके उसके ऊपर गीली रुई रख देनी चाहिए। पंखा बंद कर दें, अगर ऐसी हो तो चलने दें। सिर के नीचे तकिया रख दें। डायबिटीज, मोतियाबिंद, ब्लड प्रेशर आदि के मरीज भी आंखें दान कर सकते हैं।**

### आज का विचार

## दावत में जा रहे हैं.. जरा सुनिए



-सत्यराज

दावत में जा रहे हैं, यदि हां तो जरा हमारी सलाह सुन लीजिए। जो व्यक्ति दावत दे रहा है उससे तो कोई दुश्मनी नहीं है आपकी, यदि नहीं तो चलिए हम आपके साथ चलते हैं। दावत में पहुंचकर यह क्या आपने अपनी प्लेट में ढेर सारा खाना ले लिया, इतनी खुराक तो आपकी नहीं है। मुझे पता है, मैं इतना खाना नहीं खा सकता, लेकिन दावत का आनंद न लूं। जितने आइटम बने हैं, मैं तो सभी लूंगा। दोबारा लूंगा। तिबारा लूंगा। शगुन का लिफाफा भी तो दे दिया है। सब ठीक है महोदय, अच्छे नागरिक की तरह भी तो सोचो, प्लेट में उतना ही लो, जितना खा सकते हो। खत्म हो जाए दोबारा ले लो, लेकिन एक बार में ही इतना न भरो कि फेंकना पड़ जाए। इसे सामाजिक बुराई की तरह महसूस करो। दावतों में जरूर जाएं, लेकिन प्लेट में जरूरत से कम ही लें। कम पड़ जाए तो दोबारा ले लें, लेकिन कसम खा लीजिए कि डस्टबिन में फेंकना नहीं है। एक सर्वे के अनुसार भारतवर्ष में एक वर्ष में 6.8 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है। शादी-विवाह जैसे बड़े आयोजनों का 15 से 20 प्रतिशत हिस्सा फेंकना पड़ जाता है। इस बर्बादी से लाखों भूखे गरीबों का पेट भर सकता है। फेंका गया खाना जब सड़ता है, तब इसमें मेथेन जैसी पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली जहरीली गैस निकलती है। ध्यान रहे भोजन बर्बादी केवल आर्थिक मुद्दा नहीं है, बल्कि सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी का विषय भी है।

### प्रिय पाठकों,

**जैसा कि आप देख रहे हैं कि चिंगारी सांध्य दैनिक में हमने 'आज का विचार' शीर्षक से एक स्तंभ शुरू किया है। इसमें सामाजिक और पारिवारिक सरोकारों को लेकर विचार प्रकाशित किए जाते हैं। सुधिजन पाठकों से अनुरोध है कि यह एक खुला मंच है, इसके लिए आप भी अपने विचार प्रकाशन हेतु भेज सकते हैं। अनुरोध यह भी है कि इस स्तंभ में राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में विचार न भेजें।**

-संपादक




# गंगा एक्सप्रेस-वे से कनेक्ट होगा बिजनौर
## जनता द्वारा मांग की जा रही थी पुरजोर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आखिरकार गंगा एक्सप्रेस-वे को बिजनौर से जोड़ने की मांग मान ली गई। प्रयागराज से मेरठ तक बने गंगा एक्सप्रेस-वे का विस्तार अमरोहा-बिजनौर से होकर हरिद्वार तक किया जायेगा।

जानकारी के अनुसार नया अलाइनमेंट उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की राज्य सरकारों की सहमति के बाद फाइनल किया गया है। इसकी कुल लम्बाई लगभग 594 किलोमीटर है। यह एक्सप्रेस-वे उत्तर प्रदेश के 12 जिलों से होकर गुजरेगा। पहले मेरठ से हरिद्वार को कनेक्ट किया जाना था, लेकिन अब उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे इंडस्ट्रीरियल डवलपमेंट अथारिटी (यूपीडा) ने अमरोहा व बिजनौर से हरिद्वार तक गंगा एक्सप्रेस-वे विस्तार का अलाइनमेंट तैयार किया है। विस्तारीकरण को स्वीकृति मिलना बाकी है। उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के सचिव पंकज पाण्डेय के अनुसार उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे इंडस्ट्रीरियल डवलपमेंट ओथेरिटी की ओर से सचिवालय में नया अलाइनमेंट प्रस्तुत किया गया है, जो गंगा एक्सप्रेस-वे को अमरोहा-बिजनौर से कनेक्ट करेगा। यह भी पता चला है कि नये अलाइनमेंट में गंगा एक्सप्रेस-वे की दिशा भी बदली गई है। नये अलाइनमेंट के अनुसार अब यह गंगा के दाई ओर से निकलेगा। नये अलाइनमेंट में अमरोहा से शुरू होने वाला एक्सप्रेस-वे बिजनौर को लिंक कोरिडोर के जरिये जोड़ेगा।

### दिगम्बर सिंह ने चलाया था पोस्टकार्ड अभियान

**भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के युवा विंग के प्रदेश प्रमुख चौधरी दिगम्बर सिंह ने गंगा एक्सप्रेस-वे को बिजनौर से कनेक्ट करने की जोरदार मुहिम चलाई थी। इसके अन्तर्गत दिगम्बर सिंह आह्वान पर पोस्टकार्ड अभियान छेड़ा गया था, जिसमें लाखों पोस्टकार्ड भेजे गये थे। दिगम्बर सिंह ने गंगा एक्सप्रेस-वे को बिजनौर से जोड़े जाने का स्वागत करते हुये प्रदेश सरकार, यूपीडा, जिले की जनता और मीडिया का आभार व्यक्त करते हुये इसे बिजनौर की जनता की जीत बताया है।**

# पोषक नहर में मिला योगेश सैनी का शव

**शेरकोट ( चिंगारी )।** बीते शनिवार को नेशनल हाईवे पर स्थित पुल से नदी में कूदे धामपुर की मुन्नी देवी कालोनी निवासी योगेश सैनी का शव आज सुबह छठे दिन स्योहारा मार्ग पर स्थित गौरा बादल पुलिस चौकी के निकट पोषक नहर में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

विदित हो कि धामपुर निवासी योगेश सैनी 24 वर्ष पुत्र दिनेश सैनी शनिवार की शाम अपनी कालोनी निवासी दोस्त रिंकू के साथ बाइक पर सवार होकर शेरकोट आ रहा था। रिंकू के मुताबिक जब वे नेशनल हाईवे पर स्थित नये पुल पर पहुंचे तो योगेश ने बाइक से उतरकर खो नदी में छलांग लगा दी थी। कुछ दूर तक बहता दिखाई देने के बाद युवक तेज बहते पानी में समा गया था। घटना के बाद से निरंतर पुलिस द्वारा पीएसी के गोताखोरों से योगेश को पोषक नहर व बैराज के पौंड एरिया में तलाश कराया जा रहा था। इस बीच आज सुबह पुलिस ने धामपुर थाना क्षेत्र की गोरा बादल पुलिस चौकी के पास पोषक नहर से योगेश सैनी का शव बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति रामपाल सिंह (सेवानिवृत्त आर्मी नायक) का देहान्त 25-09-2023 को हो गया था। मेरे पति के विभागीय अभिलेखों में मेरा नाम यशनी भारती व जन्मतिथि 25-12-1964 लिखी है, जबकि मेरे आधार कार्ड में तथा अन्य स्थानों पर मेरा नाम जसनी भारती व जन्मतिथि 31-01-1960 लिखी है। मेरे पति एक्स सर्विस नं. 1450885 नायक स्व. रामपाल सिंह के विभागीय अभिलेखों में मेरा नाम यशनी भारती की जगह जसनी भारती व जन्मतिथि 25-12-1964 की बजाय 31-01-1960 दर्ज कराया जाये।
**– जसनी भारती पत्नी स्व. रामपाल सिंह, निवासी ग्राम व पोस्ट बुडगरा, किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।**

मैं राह का चराग हूं सूरज तो हूं नहीं, जितनी मेरी बिसात है काम आ रहा हूं मैं
सभी देशवासियों, जनपदवासियों एवं नगरवासियों को
मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद
वसीक अहमद पूर्व सभासद
नगर पालिका परिषद, बिजनौर
मौ. मिर्दगान बी-10, बिजनौर

वसीक अहमद
पूर्व सभासद
आठवां रोजा : बृहस्पतिवार, 26 फरवरी 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:18, शिया 6:28
नौवां रोजा : शुक्रवार, 27 फरवरी 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:21, शिया-5:14

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to : manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero
MEVRICK 440 पर पायें 50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
XTREME 160 पर पायें 10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट


फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!
आवश्यकता है शोरूम एग्जीक्यूटिव, फ्लोर सुपर वाइजर एवं कुशल मैकेनिक की
आकर्षक उपहार
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

भली लगे या बुरी ...

## उत्तर प्रदेश में बढ़ती सरगर्मियां

उत्तर प्रदेश में लगभग एक साल बाद 2027 में विधानसभा के चुनाव होने हैं। जिसे लेकर प्रदेश की राजनीति में उथल-पुथल तेज हो रही है। भाजपा में ब्राह्मण विधायकों की बैठक के बाद शंकराचार्य अवमुक्तेश्वरानंद प्रकरण और अब उनके खिलाफ बाल यौन उत्पीड़न के आरोप में अदालत के निर्देश पर दर्ज एफआईआर से मामला गरमा गया है। इससे पहले यूजीसी को लेकर बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री के इस्तीफे को लेकर कई दिनों तक सरगर्मियां रही थीं। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने अविमुक्तेश्वरानंद के अपमान को मुख्य मुद्दा बना लिया है। संगम में स्नान से रोके जाने के साथ अविमुक्तेश्वरानंद के शिष्य बटुकों की पिटाई की गई थी। प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा 100 बटुकों के सम्मान को इस प्रकरण पर लीपापोती का प्रयास कहा जा रहा है। भाजपा के भीतर मची उथल-पुथल का संकेत इस बात से भी मिलता है कि हाल ही में संघ प्रमुख ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ प्रवास के दौरान बंद कमरे में बात की और इसके अगले ही दिन दोनों उप-मुख्यमंत्रियों से भी उनकी अलग-अलग बातचीत हुई। लंबे समय बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद मंत्रिमंडल विस्तार की उम्मीद थी, पर अभी यह मामला टल गया लगता है। संयोग से मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, दोनों पूर्वांचल से हैं, इसलिए मंत्रिमंडल विस्तार या और संगठनात्मक परिवर्तन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश को ज्यादा तरजीह मिलने की उम्मीद है। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आशा कर्मियों का मानदेय बढ़ा कर तथा प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा में कार्यरत शिक्षकों व शैक्षणेत्तर कर्मचारियों को बजट सत्र के दौरान पांच लाख कैशलेस इलाज की घोषणा कर लोकरंजक कदम उठाए हैं जिनके भविष्य में और विस्तार लेने की आशा है। हालांकि, अखिलेश यादव बड़े विश्वास से कह रहे हैं कि अब यह सरकार लौट कर नहीं आनी है, पर जमीनी यथार्थ फिलहाल भाजपा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पक्ष में दिख रहा है। बसपा सुप्रीमो सुश्री मायावती ने प्रदेश में अलग से चुनाव लड़ने की घोषणा करते हुए गठबंधन की सारी अफवाहों को खारिज कर दिया है।

# मधुसूदन आनंद : जिन्होंने देश में किया नजीबाबाद का नाम बुलंद!



नजीबाबाद के मूल निवासी वरिष्ठ पत्रकार और साहित्यकार मधुसूदन आनंद का बीती 19 फरवरी को निधन हो गया, वह देश के जाने-माने पत्रकारों में से एक रहे हैं। मधुसूदन आनंद हिंदी साहित्य और पत्रकारिता के क्षेत्र में एक प्रमुख और सम्मानित व्यक्तित्व थे। उनका जन्म 30 दिसंबर 1952 को बिजनौर जनपद के नजीबाबाद नगर में हुआ था। वे वरिष्ठ लेखक, कहानीकार, कवि, निबंधकार, संपादक और पत्रकार थे। उनकी शिक्षा एम.ए. (हिंदी) थी। उनकी प्रमुख रचनाएं, कविता संग्रह, पृथ्वी से करें फरमाइश व कहानी संग्रह करौंदे का पेड़, साधारण जीवन, बचपन, थोड़ा सा उजाला निबंध संग्रह जो सामने है। उन्होंने संपादन का काम भी सफलतापूर्वक किया, जिसमें नवभारत टाइम्स के यशस्वी संपादक रहे राजेंद्र माथुर के अग्रलेखों का संचयन भी सम्मिलित है। पत्रकारिता में उनका योगदान याद करें तो मधुसूदन आनंद ने हिंदी पत्रकारिता को गंभीरता, निष्पक्षता, साहित्यिक भाषाशैली की गुणवत्ता और सामाजिक संवेदनशीलता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस क्षेत्र में उनके अविस्मरणीय योगदान के कुछ मुख्य बिंदु इस तरह से गिनाये जा सकते हैं।

उन्होंने 1974 में टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप में ट्रेनी पत्रकार के रूप में अपना कैरियर शुरू किया और नवभारत टाइम्स से सहयोगी संपादक के रूप में लंबे समय तक जुड़े रहे। यह भी बताया जाता है कि उनकी नियुक्ति आरंभ में लेखा विभाग में हुयी थी, लेकिन लिखने-पढ़ने का बचपन से ही उनको शौक था, तो वे कुछ ही समय बाद एकाउंटिंग सैक्शन से संपादकीय विभाग में आ गये। वहां उन्होंने अपनी प्रतिभा का लोहा कुछ ही समय में अपने वरिष्ठ साथी पत्रकारों को मनवा दिया। नवभारत टाइम्स में विभिन्न पदों पर काम किया। सब एडिटर, विशेष संवाददाता, सहायक संपादक, संपादकीय पेज प्रभारी, नाइट एडीटर और अंतत: अपनी मेहनत और लगन के बल पर संपादक के पद तक जा पहुंचे। मधुसूदन ने अपनी प्रतिभा, व्यवहार, कुशलता और योग्यता के बल पर कुछ ही समय में राजधानी दिल्ली के सरकारी क्षेत्र में ऐसी छवि बना ली थी, एक दौर में सत्ता चाहे किसी की भी हो, उनकी पहुंच सीधे पीएमओ तक रहती थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं में कवरेज के लिये साथ जाने वाले चंद गिने-चुने संपादकों में उनका नाम सदैव शामिल रहता था। उनकी विशेषता यह थी कि वे न केवल पीएम की विज़िट में उनसे लगातार साक्षात्कार करते और उनके प्रोग्राम की विस्तृत खबर लिखते थे, बल्कि वहां से वापस आने के बाद भी उस विदेश यात्रा पर कई-कई विशेष संपादकीय, लेख और रिपोर्ताज लिखते थे, जिनका उस समय के उनके चाहने वाले पाठक बड़ी अधीरता से इंतज़ार करते थे। उनके नेतृत्व में नवभारत टाइम्स ने राजनीतिक अस्थिरता के दौर में भी संतुलित और विश्वसनीय पत्रकारिता की अपनी सराहनीय नीति बनाए और बचाये रखी। वे निडर, निष्पक्ष और साहित्यिक दृष्टि वाले संपादक माने जाते थे।

वे 'वॉयस ऑफ अमेरिका' के नई दिल्ली संवाददाता भी रहे। कुछ समय दैनिक जागरण और नई दुनिया जैसे अन्य समाचार-पत्रों से भी जुड़े रहे और अपनी लेखनी की अमिट छाप छोड़ी। बाद के वर्षों में 'भारतीय ज्ञानपीठ' की प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्रिका 'नया ज्ञानोदय' के संपादक के पद पर रहे, जहां उन्होंने साहित्य और अपनी सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय विचारधारा को अपनी क़लम से और मजबूती प्रदान की। वे इरफान हबीब, रोमिला थापर जैसे विद्वानों के अनुवाद किये लेख बड़े रोचक ढंग से विस्तार से प्रकाशित करते थे, जो तत्कालीन पत्रिका की गुणवत्ता को स्पष्ट तौर पर दर्शाता है। हिंदी पत्रकारिता में उन्हें उनके सहकर्मी संवाददाता और पाठक उनको मृदुभाषी, विनम्र, समर्पित और साहित्य-प्रेमी संपादक के रूप में याद करते हैं, जिन्होंने कई युवा पत्रकारों को इस क्षेत्र में भारी प्रतियोगिता और संघर्ष होने के बाद भी कठिन समय में प्रोत्साहित किया और उनके लिये सम्मान के साथ काम करने का माहौल बनाया।

कुल मिलाकर हम कह सकते हैं कि मधुसूदन आनंद ने हिंदी पत्रकारिता को साहित्यिक गहराई और पेशेवर नैतिकता से न केवल समृद्ध किया, बल्कि सफलता की ऊंचाई तक पहुंचाया। वे एक ऐसे संपादक थे, जो ख़बरों को सिर्फ सूचना नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और साहित्यिक मूल्यों के साथ समायोजित कर जनहित में पेश करते थे। उनकी कमी हिंदी मीडिया और साहित्य जगत में लंबे समय तक खलेगी। मधुसूदन आनंद की कहानियां भी अपने समय में चर्चा में रहती थीं। हिंदी कथा-साहित्य में संवेदनशीलता, सूक्ष्म निरीक्षण, सामान्य जीवन की गहराई और मानवीय संबंधों की नाज़ुक परतों को उकेरने के साथ-साथ जनवादी सोच के लिए भी जानी जाती हैं। वे प्रेमचंद की सामाजिक सुधारवादी, प्रगतिशील परंपरा से जुड़े हुए रहे हैं, लेकिन आधुनिक संवेदना, शहरी-ग्रामीण संक्रमण और व्यक्तिगत अंतर्द्वंद्व को अधिक सूक्ष्म ढंग से धरातल से उठाकर प्रस्तुत करते हैं। उनकी भाषा सरल, ज़मीन से जुड़ी हुयी, आम आदमी के सुख-दुःख की प्रतिनिधि मृदु और प्रभावशाली है। उनकी लेखनी की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि बिना अतिरंजना के जनभावनाओं को छू लेती है।

**मधुसूदन आनंद ने अपनी लेखनी से नजीबाबाद का भी नाम बुलंद किया। हम उनको विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनके लिये वसीम बरेलवी का एक शेर याद आ रहा है- जहां भी जायेगा रोशनी लुटायेगा, किसी चराग़ का अपना मकां नहीं होता।**



▶▶इक़बाल हिन्दुस्तानी

(नोट- लेखक नवभारत टाइम्स डॉटकाम के ब्लॉगर और पब्लिक ऑब्ज़र्वर अख़बार के चीफ एडिटर हैं।)

## नजीबाबाद में 2 मार्च को धूमधाम के साथ निकाला जाएगा होली का जुलूस

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** होली हवन कल्याण समिति चौक बाजार नजीबाबाद की आवश्यक बैठक में आगामी 2 मार्च को होली का जुलूस बड़े ही धूमधाम के साथ निकाले जाने की रणनीति तैयार की गई। गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी नगर में होली जुलूस हर्षोल्लास के साथ निकालने के लिए मौहल्ला दरबाराशाह निवासी दीपक शर्मा दीपू के आवास पर आयोजित मीटिंग में होली जुलूस में हवन बोगी, ढोल, चंदौसी के तासे, डीजे, गुलाल समेत कई कार्यक्रम शामिल करने का निर्णय लिया गया। समिति के सदस्य अरूण शर्मा, संदीप वर्मा ने बताया कि आगामी 2 मार्च को सुबह 10 बजे नगर के रेलवे स्टेशन से होली जुलूस निकाला जाएगा। मीटिंग में विजय शर्मा टीटू, मनोज अग्रवाल, दीपक वालिया, दिनेश खन्ना, वंश शर्मा, मयंक शर्मा, सूरज वर्मा आदि मौजूद रहे।



## राष्ट्रीय लोकदल के सम्मेलन में संगठन की मजबूती पर चर्चा

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय लोकदल के नगर अध्यक्ष इकबाल चौधरी के कार्यालय पर राष्ट्रीय लोकदल का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में रालोद के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप, पूर्व जिलाध्यक्ष नागेंद्र पवार, सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी लवकुश फौजी, पूर्व सांसद मुंशीराम पाल का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। वक्ताओं ने अपने विचार रखते सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष इकबाल चौधरी एवं संचालन विधानसभा अध्यक्ष सुरेश राणा ने किया। इस मौके पर सुरेंद्र राणा, विजयपाल सिंह राठी, चौधरी लटूर सिंह, चरण सिंह त्यागी, शरीफ अहमद, पंकज चौधरी, हरेंद्र तोमर, शेख अकरम, सुनील तोमर, सरदार बुद्ध सिंह, चौधरी घिस्सन सिंह, सरदार बलवीर सिंह, ब्रजराज सिंह एड., सुंधाशु नामदेव, जितेंद्र राजपूत, आदेश कुमार, हाजी शमशुल इस्लाम एड., जीशान, युनूस घोसी, इरशाद मेम्बर, इकराम, शाकिर, ध्यान सिंह आदि उपस्थित रहे।

# युवा महोत्सव : दूसरे दिन हुईं कई सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं

## वर्धमान कॉलेज में उल्लासपूर्ण वातावरण में चल रहा तीन दिवसीय कार्यक्रम



**बिजनौर (चिंगारी)।** वर्धमान कालेज, बिजनौर में आयोजित वार्षिक युवा महोत्सव प्रयास 2026 का द्वितीय दिवस विविध रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के साथ उल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में आयोजित इस महोत्सव ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान किया।

महोत्सव के सफल आयोजन में समिति संयोजक प्रो. जेके विश्वकर्मा, सहसंयोजक प्रो. मुकेश कुमार, कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. धर्मेन्द्र कुमार, सहसमन्वयक प्रो. शशिप्रभा, आयोजन सचिव डा. वैशाली पूनिया, संयुक्त आयोजन सचिव डा. रेशु शर्मा एवं डा. दिव्या जैन तथा कोर कमेटी के सदस्यों डा. मनीष कुमार गुप्ता, डा. निदा खान, डा. सुनील पवार एवं डा. बबीता चौधरी का विशेष योगदान रहा। बाह्य निर्णायक मण्डल में डा. किश्वर जैदी, श्रीमती रश्मि बंसल, डा. अलका साहू, डा. निधि भारद्वाज, डा. दीपक त्रिपाठी, डा. पूजा कुमार, श्री केएम जैदी, श्रीमती रीना भाटिया, डा. सुरेश सिंह, डा. पंकज राणा उपस्थित रहे।

युवा महोत्सव के दूसरे दिन पेंटिंग ऑन द स्पॉट प्रतियोगिता, स्केचिंग प्रतियोगिता, कुकिंग विदाउट फायर, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता, मिमिक्री, नीडल एण्ड थ्रेड, क्ले मॉडलिंग, हिडन टेलेंट प्रतियोगिता, इंस्ट्रूमेंटल सोलो प्रतियोगिता, सोलो सिंगिंग प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। आज युवा महोत्सव का समापन समारोह आयोजित किया जा रहा है।




सभी क्षेत्रवासियों को **मुकद्दस रमज़ान**
की दिली मुबारकबाद
**विवेक सेन**
सदस्य जिला पंचायत, जिला योजना समिति, बिजनौर
मुरादाबाद मण्डल महासचिव आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य- आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी धामपुर विधानसभा- 20
आठवां रोजा : बृहस्पतिवार, 26 फरवरी 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:18, शिया 6:28
नौवां रोजा : शुक्रवार, 27 फरवरी 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:21, शिया-5:14


# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन में उतरे कांग्रेस कार्यकर्ता



**बिजनौर (चिंगारी)।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के समर्थन में प्रदर्शन कर केंद्र सरकार से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराने की मांग की।

बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी पूर्व मंत्री ओमवती के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम जसजीत कौर को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि सरकार की नीतियों के

### प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को देकर निष्पक्ष जांच की मांग की

विरुद्ध मुखर होकर अपनी बात रखने वाले शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को अनावश्यक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। शंकराचार्य का पद सनातन परंपरा में सर्वोच्च आध्यात्मिक पदों में से एक माना जाता है, जिसकी मान्यता ऐतिहासिक धार्मिक परंपराओं से निर्धारित होती है। ऐसे में उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करना गंभीर विषय है।

ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व आईएएस आरके सिंह, नजाकत कंभौर, हाजी नसीम, हरिराज सिंह, अनिल त्यागी, साजिदा बेगम, गुरमुख सिंह, मलखान सिंह, अब्दुल समद आजाद, शमीम कुरैशी, काजी आतिफ, बलवंत सिंह, डा. निरपाल सिंह, हुमायूं बेग आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने चलाया विशेष चैकिंग अभियान

## 600 वाहनों के किये चालान

**बिजनौर (चिंगारी)।** बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं व होली के मद्देनजर यातायात पुलिस ने मंगलवार को विशेष चैकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान विभिन्न चौराहों और मुख्य मार्गों पर सघन जांच की गई, जिसमें नियमों का उल्लंघन करने वाले 600 वाहनों के चालान किए गए। शराब पीकर वाहन चला रहे 10 चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। यातायात प्रभारी रवि नैन के नेतृत्व में जजी चौक, शास्त्री चौक, रोडवेज चौराहा, सिविल लाइन, सेंट मेरी चौक और बैराज रोड समेत अन्य प्रमुख स्थानों पर चैकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने बिना हेलमेट दोपहिया चलाने, सीट बेल्ट न लगाने, ओवरलोडिंग, गलत दिशा में वाहन चलाने और कागजात अधूरे होने जैसे मामलों में चालान काटे। अभियान के दौरान ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई। जांच में 10 चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए, जिनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान की कार्रवाई की गई। कुछ मामलों में लाइसेंस जब्त कर अग्रिम कार्रवाई की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। यातायात प्रभारी रवि नैन ने बताया कि सड़क पर अनुशासन बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। नियमों का पालन न करने से न केवल अपनी बल्कि दूसरों की जान भी खतरे में पड़ती है। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# लिंक एक्सप्रेस ट्रेन में पकड़ा गया दुष्कर्म का आरोपी

**नगीना (चिंगारी)।** जीआरपी ने लिंक एक्सप्रेस से रुद्रपुर (उत्तराखंड) में तीन दिन पूर्व विवाहिता के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना में वांछित आरोपी को दबोचकर रुद्रपुर पुलिस के हवाले कर दिया। हालांकि पुलिस को देखकर आरोपी ने कीटनाशक खा लेने का शोर मचाया तो पुलिस ने उसका सरकारी अस्पताल में इलाज कराया।

### कीटनाशक खाने का नाटक किया

जीआरपी प्रभारी कमल कुमार ने बताया कि तीन दिन पूर्व रुद्रपुर में एक विवाहिता के साथ गैंगरेप की घटना हुई थी। इस मामले में रुद्रपुर के वार्ड नंबर 14, भदेहीपुरा निवासी निवासी अभय सक्सेना (23 वर्ष) वांछित चल रहा था। जीआरपी को सूचना मिली थी कि आरोपी देहरादून से प्रयागराज जाने वाली लिंक एक्सप्रेस की जनरल बोगी में सवार है। उनके मुताबिक वह पुलिसकर्मियों के साथ नजीबाबाद रेलवे स्टेशन से उक्त ट्रेन में सवार हो गए। ट्रेन की जनरल बोगी में सवार आरोपी अभय सक्सेना पुलिस को देखकर ट्रेन के टॉयलेट में चला गया तथा बाहर आकर उसने कीटनाशक खा लेने की बात बताई। उन्होंने बताया कि नगीना रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के रुकने के बाद वह उसे लेकर नगीना के सरकारी अस्पताल पहुंचे तथा उसका उपचार कराया। उनके मुताबिक रुद्रपुर पुलिस से संपर्क कर आरोपी को उनके सुपुर्द कर दिया गया।

# हाईकोर्ट बेंच की मांग को जनांदोलन बनाने की तैयारी

### एडवोकेट आरिफ खान को सौंपी बढ़ापुर की जिम्मेदारी

**बढ़ापुर (चिंगारी)।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बेंच और लघु सचिवालय की स्थापना की मांग को लेकर अधिवक्ताओं द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन को जनआंदोलन का रूप देने की दिशा में कदम बढ़ाए गए हैं। इसी उद्देश्य से महान्यायिक संगठन का पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गठन किया गया है, जिसे प्रशासनिक के साथ-साथ सराहनीय पहल बताया जा रहा है। इस संगठन के गठन के सिलसिले में कस्बा बढ़ापुर में पूर्व चेयरमैन स्व. अ. सलाम खां उर्फ लड्डन खां के निवास पर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र में संगठन के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी वरिष्ठ अधिवक्ता मो. आरिफ खान को सौंपी गई। वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र कुमार एडवोकेट ने बताया कि मो. आरिफ खान ने एक सप्ताह के भीतर संगठन के पदाधिकारियों के गठन की प्रक्रिया शुरू करने का भरोसा दिलाया है। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे जनपद की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में संगठन को सुचारू रूप से चलाने के लिए कमेटियों का गठन किया जाएगा तथा इसके लिए जनपद स्तर पर सभाओं का आयोजन किया जाएगा। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि हाईकोर्ट बेंच और लघु सचिवालय की स्थापना से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और न्यायिक कार्यों में सहूलियत होगी।

# एल्डर्स कमेटी के गठन पर सवाल, अधिवक्ताओं ने जताया रोष

### बार एसोसिएशन में चुनाव प्रक्रिया को लेकर विवाद गहराया

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला बार एसोसिएशन एवं लाइब्रेरी, बिजनौर में चुनाव प्रक्रिया को लेकर चल रहा गतिरोध एक बार फिर सामने आ गया है। परंपरानुसार जिला बार के पूर्व अध्यक्ष चरत सिंह को वर्तमान अध्यक्ष यशपाल सिंह एडवोकेट द्वारा चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था। बताया जा रहा है कि कुछ सदस्यों द्वारा अलग से चुनाव अधिकारी नियुक्त कर नई प्रक्रिया अपनाने का प्रयास किया गया, जिससे बार में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई। विवाद को समाप्त करने के लिए एक समन्वयन समिति गठित की गई थी और वरिष्ठ अधिवक्ताओं (एल्डर्स) की कमेटी बनाकर चुनाव कराने पर आम सहमति बनी थी। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में जिला बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष यशपाल सिंह ने कहा है कि वरिष्ठता क्रम को दरकिनार कर अलग तरीके से एल्डर्स कमेटी का गठन कर लिया गया। इसे लेकर सैकड़ों अधिवक्ताओं ने हस्ताक्षर कर इस कमेटी को अवैध बताते हुए विरोध दर्ज कराया और बार अध्यक्ष व चुनाव अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपी। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष एवं चुनाव अधिकारी ने संबंधित कमेटी को अवैध करार देते हुए वरिष्ठता क्रम के अनुसार नई कमेटी गठित करने की अपेक्षा की है। वार्षिक शुल्क को लेकर विज्ञप्ति में स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कमेटी का गठन नहीं होता है तो पूर्व में नियुक्त चुनाव अधिकारी द्वारा ही चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ कराई जाएगी। साथ ही अधिवक्ताओं से आग्रह किया गया है कि वे अपना वार्षिक शुल्क बार द्वारा नियुक्त वैध चुनाव अधिकारी की कमेटी के माध्यम से ही जमा करें।

# जैन धर्मावलम्बियों द्वारा धूमधाम से निकाली गईं स्वर्णरथ यात्रा

## बड़ी मंडी स्थित पाण्डुक शिला पर हुआ श्री जी का अभिषेक

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर में चल रहे चार दिवसीय गौरवशाली 141 वें वार्षिक स्वर्ण रथ यात्रा महोत्सव की नगर में प्रथम विशाल स्वर्ण रथ यात्रा निकाली गई।

यात्रा का अनेक स्थानों पर जहां जैन धर्मावलंबी परिवारों ने प्रभु की आरती करते हुए नगर की वहीं धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं ने पुष्प वर्षा, मिष्ठान, प्रसाद वितरण आदि से स्वागत किया। यात्रा में एक सुसज्जित वाहन पर विशालकाय ऐरावत हाथी पूरे नगर में आकर्षण का केंद्र बना रहा।

ट्रस्ट श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर की प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजीव कुमार जैन, महासचिव आलोक कुमार जैन, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार जैन, संयोजक अरुण कुमार जैन, सहसंयोजक सौरभ कुमार जैन के संयोजन में मोहल्ला गुजरातियान स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से सामूहिक पूजा अर्चना के बाद प्रारंभ हुई स्वर्ण रथ यात्रा का शुभारंभ बोलियों से किया गया। मनोज कुमार जैन के निर्देशन में संपादित बोलियों के अंतर्गत खवासी की बोली हर्षित जैन तथा सारथी की



पांडू शिला पर श्री जी का अभिषेक करते हुए निखिल जैन व आयुष जैन।

बोली निखिल जैन एवं आयुष जैन ऐरावत हाथी की बोली मोहित जैन एवं ऋषभ जैन, इंद्र की बोली प्रवीन जैन, कुबेर की बोली सुधाकर जैन एवं दिवाकर जैन, मंगल कलश की बोली कृपा निधि जैन एवं वंदित जैन तथा आरती की बोली दिल्ली से पधारी श्रीमती स्वाति जैन ने अपने नाम छुड़वाने का सौभाग्य प्राप्त किया। यात्रा में पंडित प्रदीप कुमार जैन शास्त्री के निर्देशन में जैन बंधुओं तथा बैंड वालों द्वारा जैन भजनों से निर्धारित मार्ग भक्ति मय बने रहे।

निर्धारित मार्गो से गुजरती हुई यह स्वर्ण रथ यात्रा जब बड़ी मंडी में पहुंची तो श्री जी का अभिषेक किया गया। इस अवसर पर फर्म छोटेलाल राजीव कुमार जैन परिवार की ओर से गीता देवी जैन के संरक्षण में पांडुक शिला पर आठवें तीर्थंकर चंद्रप्रभु भगवान का सामूहिक रूप में अभिषेक किया गया। श्री जी के इस सामूहिक अभिषेक कार्यक्रम में समाजसेवी निखिल कुमार जैन, ऋचा जैन, आयुष जैन, आरुषी जैन, नायशा जैन, रियांश जैन, अनविक जैन, अविका जैन आदि का योगदान रहा।

जबकि समीर जैन, निखिल जैन, आदित्य जैन, आदि जैन, दिवाकर जैन, सुधाकर जैन, आयुष जैन तथा दिल्ली से पधारी श्रीमती स्वाति जैन ने मंगलाचरण एवं सामूहिक मंत्रोच्चारण के बीच श्री जी का अभिषेक करने का सौभाग्य अर्जित किया।

नगर के जिन प्रतिष्ठित नागरिकों को



रथ यात्रा में शामिल ऐरावत हाथी।

सम्मान प्रदान किया गया उनमें प्रमुख रूप से धामपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह, संजीव कुमार जैन, आलोक कुमार जैन, दीपक कुमार जैन, अरुण कुमार जैन, सौरभ कुमार जैन, सुभाष चंद्र जैन, तंबाकू वाले, राजीव कुमार जैन अफजलगढ़ वाले, नितिन कुमार जैन, विजय कुमार जैन, अनिल



रथ यात्रा में शामिल स्वर्ण रथ।

कुमार जैन मोबिल वाले, देवेंद्र कुमार जैन, राजीव गोयल, संदीप गोयल, डीके जैन, पंकज अग्रवाल, उदित कुमार जैन, आदित्य कुमार जैन, डॉक्टर अमित गुप्ता, ऋषभ जैन आदि नागरिक शामिल रहे। निर्धारित मार्गो की परिक्रमा के बाद स्वर्ण रथ यात्रा श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई ।

# धामपुर शुगर मिल में लगा नि:शुल्क मेडिकल कैंप

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल में सिद्ध हॉस्पिटल, मुरादाबाद के सहयोग से नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 104 श्रमिकों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य की जांच की गई, तथा उन्हें बीमारियों के अनुसार नि:शुल्क दवाइयां दी गईं। कैंप का उद्घाटन शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सिद्ध हॉस्पिटल, मुरादाबाद के वरिष्ठ डॉक्टर अंकुर वर्मा, डॉ. सुमित खत्री, डॉ. मोहम्मद इमरान, और डॉ. नेहा चंद्रा उपस्थित थे। डॉक्टरों की टीम ने ब्लड

## 104 ने जांच कराई नि:शुल्क दवाइयां पाईं

प्रेशर, लिपिड प्रोफाइल, एक्स-रे, न्यूरो केसेज, हड्डी संबंधित तथा महिलाओं से संबंधित बीमारियों, ईसीजी जैसी जांचें कीं। इस अवसर पर धामपुर शुगर मिल की डिस्पेंसरी की टीम- सहायक मेडिकल ऑफिसर कमल सिंह पवार, राजेंद्र सिंह विजय कुमार, कविता रानी ने सहयोग किया। शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने सभी श्रमिकों और कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की अपील की, एवं डॉक्टर के स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत दिए गए परामर्श के आधार पर दवाइयां एवं अन्य जांच कराने के लिए सुझाव दिया। कैंप के दौरान शुगर मिल के श्रमिकों, कर्मचारीयों की ओर से विवेक सिंह यादव, अजय पांडेय, विनोद सिंह राणा, दिल्ली ऑफिस से आये श्याम सुंदर शर्मा, शरद गहलौत, संजय अग्रवाल, अंकित, विशेष शर्मा, आदि उपस्थित थे। कैंप का को-ऑर्डिनेशन श्री विजय कुमार गुप्ता ने किया।



सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमजान
की दिली मुबारकबाद
मो. ग़ाज़ी
पूर्व विधायक, शेरकोट
आठवां रोजा : गुरुवार 26 फरवरी
इफ्तार सुन्नी 6:18, शिया 6:28
नौवां रोज़ा : शुक्रवार, 27 फरवरी
सहरी- सुन्नी 5:21 शिया 5:14





सभी देशवासियों को
मुकद्दस रमज़ान
की दिली मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष सपा

रागिब हुसैन उर्फ शहज़ादा
पूर्व जिला सचिव
समाजवादी पार्टी, बिजनौर
रागिब हुसैन उर्फ शहज़ादा
आठवां रोजा : गुरुवार 26 फरवरी
इफ्तार सुन्नी 6:18, शिया 6:28
नौवां रोज़ा : शुक्रवार, 27 फरवरी
सहरी- सुन्नी 5:21 शिया 5:14


# धूमधाम से निकली खाटू श्याम बाबा की वार्षिक निशान यात्रा

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग स्थित दुर्गा विहार कॉलोनी से बुधवार को श्री खाटू श्याम बाबा के छठे वार्षिक फाल्गुन निशान यात्रा महोत्सव के अंतर्गत251 निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा का स्वागत धामपुर के भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा ने नगीना मार्ग पर किया जबकि भगत सिंह चौक के निकट रमेश जी स्वीट्स परिवार की ओर से विकाल अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, गौरव अग्रवाल ने श्रद्धालुओं को देसी घी के लड्डूओं का वितरण किया गया।



निशान यात्रा में शामिल पीठाधीश्वर आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ।

दुर्गा विहार कॉलोनी के सिद्ध पीठ नवदुर्गा बाबा खाटू श्याम मंदिर से प्रारंभ हुई इस विशाल निशान यात्रा का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया, जिसके मुख्य यजमान मंदिर के संस्थापक समाजसेवी कुंवर निहाल सिंह राजपूत एवं उनकी धर्मपत्नी शोभा रानी, कुंवर अशोक कुमार राजपूत एवं लता रानी राजपूत, कुंवर अनिल कुमार राजपूत एवं रेनू रानी राजपूत, कुंवर आशीष कुमार राजपूत एवं सुप्रिया रानी राजपूत आदि रहे। जबकि श्रीमद् हनुमत सेवा समिति पंजीकृत के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर अनुज कुमार वर्मा, रीना वर्मा, डॉक्टर गौरी वर्मा, डॉक्टर ध्रुव वर्मा, आचार्य श्यामलाल, आचार्य चंद्रभान सिंह आदि ने पूजा की।

पूजन पंडित सुमित वशिष्ठ एवं पंडित अमित वशिष्ठ ने कराया। निशान यात्रा में सुसज्जित घोड़ा बग्गी पर बाबा खाटू श्याम जी महाराज की आकर्षक एवं मनोहारी मूर्ति शोभायमान थी। मंदिर के पीठाधीश्वर आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ श्रद्धालुओं को मोर पंख से आशीर्वाद प्रदान कर रहे थे। यात्रा का स्वागत करने वालों में कन्हैया जी स्वीट्स के संचालक मुकेश कुमार शर्मा एवं प्रीति रानी शर्मा, समाजसेवी सुधीर कुमार अग्रवाल सर्राफ, अंकुर अग्रवाल सर्राफ तथा नगीना चौराहे पर होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर अनुज कुमार वर्मा के समूचे परिवार की ओर से निशान यात्रा का स्वागत किया गया। निर्धारित मार्गों की परिक्रमा के बाद यह यात्रा वापस मंदिर पर ही पहुंचकर संपन्न हुई। जहां श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे के मुख पर गुलाल लगाते हुए जमकर होली भी खेली निशान यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं को पटके पहना कर सम्मानित भी किया गया।

# अनियंत्रित होकर कार नहर में गिरने से दो दोस्तों की मौत

## समीपुर के पास कोहरे के कारण हुआ हादसा, कई लोग घायल

नजीबाबाद (चिंगारी)। थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात करीब 2 बजे समीपुर नहर के पास घने कोहरे के चलते एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त होकर नहर में गिरने से कार में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में मृतकों की पहचान सतीश (55 वर्ष) पुत्र किरनदास निवासी मनीकृति, ऋषिकेश तथा सचिन (36वर्ष) पुत्र अनूप कुमार निवासी ग्राम मानियावाला, थाना अफजलगढ़ के रूप में हुई है। बताया गया है कि सतीश होटल लाइन में कार्यरत



मृतकों के फाइल फोटो।

थे, जबकि सचिन पेशे से जेसीबी चालक था। सचिन की शादी वर्ष 2017 में हुई थी और उसका एक छोटा बच्चा भी है। दोनों अपने दोस्तों के साथ नजीबाबाद के मौहल्ला मकबरा में रवि की बारात में शामिल होने आए थे। कार में कुल 6 दोस्त सवार थे। हादसे में घायल हुए लोगों में विशाल कुमार, मोहित, नितिन विशाल व एक अन्य विशाल शामिल हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घना कोहरा होने के कारण दृश्यता बेहद कम थी, जिससे वाहन चालक नियंत्रण खो बैठा और कार दुर्घटनाग्रस्त होकर नहर में गई। घटना की नजीबाबाद थाना पुलिस ने पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अनियंत्रित होकर कार नहर में गिरने से यह हादसा हुआ। इस खबर से मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



ठाकुर मूलचंद चौहान
पूर्व राज्यमंत्री
(उत्तर प्रदेश सरकार)
समाजवादी पार्टी 20 विधानसभा क्षेत्र, धामपुर

आठवां रोजा : बृहस्पतिवार, 26 फरवरी 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:18, शिया 6:28
नौवां रोजा : शुक्रवार, 27 फरवरी 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:21, शिया-5:14

# लापता राजेन्द्र के बारे में पुलिस ने गांव में मुनादी कराई

हीमपुर दीपा (चिंगारी)। क्षेत्र के पुड्ढा गांव निवासी राजेंद्र सिंह का अभी तक कोई अता-पता नहीं चला। वह पिछले लगभग सात माह से गायब है। उस पर कई गंभीर आरोप भी लगे हैं। न्यायालय की ओर से उसे वांछित घोषित किया गया है। न्यायालय के आदेश पर हीमपुर दीपा पुलिस ने बुधवार को गांव-गांव जाकर मुनादी कराई और दीवारों पर इस्तहार चस्पां कराए। उसकी अचल संपत्ति पर भी इस संबंध का एक इस्तहार चस्पां किया गया। पिछले लगभग 20-22 वर्षों से वह सर्वजन वेलफेयर सोसाइटी नामक संस्था चलाता आ रहा था और हीमपुर दीपा चांदपुर आदि क्षेत्रों में घर-घर जाकर वसूली कर धनराशि का कलेक्शन करता था। 25 जुलाई 2025 को वह कलेक्शन करने चांदपुर गया था। वहां से वह अचानक गायब हो गया था। परिजनों की ओर से पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर दी गई थी। गुमशुदगी की कहानी को लोगों ने मनगढ़ंत बताते हुए काफी हंगामा किया था। उनका आरोप



है कि वह गायब नहीं बल्कि लोगों की भारी रकम लेकर एक षड्यंत्र के तहत फरार हुआ है, तभी से उसके विरुद्ध न्यायालय में कई गंभीर धाराओं में वाद चल रहा है। चर्चाओं की अगर सच मानें तो ऐसे कई गरीब परिवार भी हैं जो मेहनत मजदूरी कर पाई-पाई जोड़कर भविष्य के लिए रकम जमा कराते आ रहे थे।

# आत्मनिर्भरता की मिसाल बनीं प्रीति सैनी

नैनीताल (चिंगारी)। नैनीताल के हल्द्वानी विकास खंड की प्रीति सैनी आज महिला आत्मनिर्भरता की एक प्रेरणादायक मिसाल बनकर उभरी हैं। वे वैष्णवी आजीविका स्वयं सहायता समूह में सचिव एवं सक्रिय सदस्य के रूप में जुड़ी हुई हैं और अपने घर से ही हैंडीक्राफ्ट व मसाला निर्माण का सफल कार्य संचालित कर रही हैं।

प्रीति सैनी को REAP / ग्रामोत्थान परियोजना के अंतर्गत 75,000 की सब्सिडी सहित कुल 3 लाख का ऋण प्राप्त हुआ। इस सहायता से उन्होंने अपने घर पर ही मसाला पीसने वाली चक्की स्थापित की और मसालों का उत्पादन शुरू किया। धीरे-धीरे उनके शुद्ध और घरेलू मसालों की मांग बढ़ने लगी। आज उनके द्वारा तैयार मसालों की बिक्री स्थानीय बाजारों, मेलों तथा शादी-विवाह के सीजन में बैंकेट हॉलों में बड़े स्तर पर होती है। इसके



अलावा वे हर त्योहारी मौसम में सीजनल उत्पाद भी तैयार करती हैं।

ऋण की बची हुई धनराशि से प्रीति सैनी ने एक छोटी दुकान भी शुरू की, जहां वे कॉस्मेटिक्स और दैनिक उपयोग का सामान बेचती हैं। इन सभी कार्यों से वे अपने परिवार का भरण-पोषण करते हुए सभी खर्चों के बाद प्रतिवर्ष लगभग 80 हजार से 1 लाख तक की शुद्ध आय अर्जित कर रही हैं।

प्रीति सैनी बताती हैं कि सरकारी योजनाओं से उन्हें आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। वे विशेष रूप से राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा REAP परियोजना का आभार व्यक्त करते हुए कहती हैं कि सरकार की योजनाओं ने हमें घर बैठे रोजगार का अवसर दिया, जिससे हम महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और समाज में सम्मान के साथ जीवन जी पा रही हैं। प्रीति सैनी की यह सफलता बताती है कि यदि सही दिशा, सरकारी सहयोग और दृढ़ इच्छाशक्ति मिल जाए, तो एक सामान्य गृहिणी भी सफल उद्यमी बनकर न केवल अपने परिवार बल्कि समाज की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा स्रोत बन सकती है।



सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमजान की दिली मुबारकबाद
शहज़ाद अहमद
जिला महासचिव बिजनौर
(आजाद समाज पार्टी कां.)
पूर्व चेयरमैन, झालू न.प. (बिजनौर)

आठवां रोजा : बृहस्पतिवार, 26 फरवरी 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:18, शिया 6:28
नौवां रोजा : शुक्रवार, 27 फरवरी 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:21, शिया-5:14



शहजाद अहमद

# बबली एडवोकेट ने दी इफ्तार पार्टी

बिजनौर (चिंगारी)। बुधवार को ज़िला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एस.के. बबली एड.ने स्थानीय शहनाई बैंक्वेट हॉल में विशाल रोज़ा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में अधिवक्ता, मुस्लिम धर्म गुरू व शहर के गणमान्य नागरिक व रोज़ेदार शामिल हुए। एस.के. बब्ली एड.ने सभी का आभार व्यक्त किया। इफ़्तार के बाद रोज़ेदारों के लिए खाने की भी व्यवस्था की गई थी।

उल्लेखनीय है कि एस.के. बबली पिछले 14 वर्षों से लगातार इफ्तार पार्टी का आयोजन करते आ रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत अपनी गंगा-जमुनी तहज़ीब के लिए जाना जाता है। इफ्तार जैसे आयोजनों का उद्देश्य हिंदू-मुस्लिम भाईचारे को मजबूत करना और देश की धर्मनिरपेक्ष



भावना को कायम रखना है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि सामाजिक समरसता और आपसी सौहार्द ही देश की असली ताकत है, जिसे बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने इन पुनीत कार्यों के लिए एसके बबली एड. की सराहना की और उन्हें हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक बताया। कार्यक्रम का समापन आपसी सद्भाव और देश में शांति व भाईचारे की दुआ के साथ हुआ।

# स्वास्थ्य विभाग ने गांव में कैंप लगाकर ग्रामीणों का किया परीक्षण

## काशीरापुर में तीन लोगों के पाई गई गांठे, उपचार को जिला अस्पताल भेजा



गांव में कैम्प लगाकर ग्रामीणों की जांच करती टीम।

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। ग्राम काशीरामपुर में कैंसर में अब तक 28 लोगों की मौत होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरूवार को एक बार फिर गांव पहुंचकर वहां कैम्प लगाकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। परीक्षण में गांव निवासी 50 वर्षीय गजना पत्नी रघुवीर, 25 वर्षीय पारूल पत्नी शिशुल व 60 वर्षीय मिथलेश के शरीर में गांठे पाई गई जिन्हें चिकित्सकों ने जिला अस्पताल पहुंचकर अपनी जांच कराने की सलाह दी। अन्य ग्रामीणों में मौसमी बीमारी मिली जिन्हें दवा दी गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम में नजीबाबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. गौरव गुप्ता, डॉ. मुस्कान सचदेवा, डॉ. कौनैन अली, संदीप सैनी, दीपक तनुजा, शिवानी, नरगिस थोमस आदि शामिल रहे।

## ब्लॉक प्रमुख ने डीएम को कैंसर पीड़ितों के संबंध में पत्र सौंपा

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने गुरूवार को सुबह जिलाधिकारी जसजीत कौर से उनके कार्यालय में मिलकर मंडावली क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर में कैंसर से पीड़ितों के संबंध में एक पत्र दिया। उन्होंने डीएम को बताया कि गांव में कैंसर की बीमारी से कई ग्रामीण ग्रसित है। हाल ही में लगभग 10 दिनों में 3 लोगों की कैंसर से मौत हुई है, जिसमें एक पुरुष व दो महिलाएं शामिल हैं। गांव में 5 मरीज अभी भी कैंसर से ग्रसित हैं, जिनका उपचार चल रहा है। गांव में 7 सरकारी हैंडपंपो के पानी के नमूना भी फेल हो चुके है, जिसे लेकर ग्रामीण चिंतित है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के द्वारा गांव में कैंप लगाकर कैंसर की जांच कराकर ग्रामीणों के घरों में लगे हैंडपंपों के पानी की भी जांच कराने की मांग की।

## टीम ने गांव में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया

मंडावली। बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के डॉ. समीर भटनागर, डॉ. प्रतीक किशोर, डॉ. अंकित कुमार की टीम ने गांव काशीरामपुर पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत की। गांव में पहुंची डॉक्टरों की टीम ने गांव किनारे तालाब पर गंदगी को भी देख तथा क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि गांव में कैंसर की बीमारी का कारण पता लगाने के लिए जलनिगम की टीम ने पूर्व में गांव में लगे 10 सरकारी हैंडपंपों के पानी के सैंपल में लेकर जांच के लिए भेजे थे, जिसमें से 7 हैंडपंपों के पानी का नमूना फेल हो गया था, इन हैंडपंपों के पानी को पीने योग्य नहीं बताया गया था, जिसके बाद ग्रामीणों में भय बना हुआ है।



# सांवलिया सेठ की महाआरती कल



**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्थानीय रम्मू चौराहे (पुरानी तहसील) पर अग्रवाल धर्मशाला में बने प्राचीन शिव मंदिर में स्थापित भगवान श्री सांवलिया सेठ (श्याम बाबा) की कल शुक्रवार को प्रथम एकादशी होने के चलते मंदिर प्रबंधकारिणी व श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। इस अवसर पर सांवलिया सेठ का विशेष श्रृंगार फूलों व आकर्षक पोषाकों से किया जायेगा। समिति सदस्य श्री संजय गुप्ता एड. ने बताया कि एकादशी के दिन सांवलिया सेठ के दर्शन और आरती में सम्मिलित होने से विशेष पुण्य लाभ की प्राप्ति होती है, जिसके चलते मंदिर में कल प्रातः 8 बजे से महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने समस्त श्रद्धालुओं का आह्वान किया है कि वे सभी महाआरती में सम्मिलित होने के लिये प्रसाद सहित समय से मंदिर पहुंचे।

मालूम हो कि श्री सांवलिया सेठ भगवान की राजस्थान प्रांत में बहुत अधिक मान्यता है और वहां के बड़े-बड़े व्यापारी अपने व्यवसाय में साझेदार बनाने के लिये सांवलिया सेठ के नाम की पर्चियां डालते हैं। साथ ही जनपदवासियों का परम सौभाग्य है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सर्वप्रथम सांवलिया सेठ बिजनौर के मंदिर में विराजित हुये हैं।

# मुम्बई पुलिस दो लोगों को ले गई अपने साथ

**धामपुर ( चिंगारी )। मुंबई में हुई चोरी के एक मामले में आरोपी की निशानदेही पर मुंबई क्राइम ब्रांच के प्रभारी सुनील जन शौर्य के नेतृत्व में धामपुर के सर्राफा बाजार में पहुंचकर संदिग्ध आरोपी से पूछताछ की। बताया जाता है कि क्राइम ब्रांच की टीम दो आरोपी को अपने साथ ले गई है और उनसे पूछताछ की जा रही है अचानक हुई इस कार्यवाही से सर्राफा मार्केट में हड़कंप मच गया**

## सूचना

मैंने अपना नाम सूर्यकांत सिद्धार्थ से बदलकर सिद्धार्थ सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**-सिद्धार्थ सिंह पुत्र रामपाल सिंह, निवासी ग्राम फजलपुर फतेहउल्ला, पोस्ट-मौज्जमपुर नारायण, किरतपुर, तहसील नजीबाबाद ( बिजनौर )**

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम अब धामपुर में खुलने जा रहा है
आवश्यकता है-
मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक
मो. 9119766026

एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# आचार्य पंडित पद्म सिंह शर्मा : कुछ संस्मरण

आचार्य पंडित पद्म सिंह शर्मा ऐसे व्यक्तित्व हैं, जिनके बारे में अक्सर कोई न कोई स्मृति, संस्मरण, गतिविधि या चर्चा होने ही लगती है। इनके साथ मेरे भी कई संस्मरण हैं। लगभग आठ साल पहले इतिहास संकलन के सिलसिले में मैं अपने पैतृक ग्राम के सार्वजनिक आर्य इंटर कॉलेज में वहां रखी पुस्तकों को पढ़ने के लिए गया। उनमें एक पुस्तक जो कि 1910-40 के काल के शीर्ष हिंदी विद्वानों पर केंद्रित थी और सन् 1960 के दशक में प्रकाशित हुई थी, को पढ़ने का मौका मिला। इसमें तत्कालीन विद्वानों में आचार्य जी का नाम पढ़कर इनके बारे में पहली बार पता चला। इनका जन्म बिजनौर के ग्राम नायक नंगला में हुआ था, यह पढ़कर इनके घर जाने का मन बनाया। इस क्रम में कुछ समय बाद हम इनके घर गए, जहां इनके पौत्र से भेंट हुई, पर आचार्य जी की कोई कृति उस समय उनके घर में देखने या पढ़ने को नहीं मिली। हालांकि इंटरनेट पर बाद में कुछ पुस्तक उपलब्ध हो गईं। गांव में आचार्य जी को समर्पित प्रवेश द्वार देखने को मिला।

लगभग दो वर्ष पूर्व आचार्य जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित डॉ. सुशील त्यागी का लिखा एक शोध प्रबंध मुझे भेंट मिला, जिस पर मैंने पाठकीय प्रतिक्रिया लिखी। यह प्रतिक्रिया शोध पत्रिका ओपन डोर नजीबाबाद, बिजनौर, नवउदय, ग्वालियर, मध्य प्रदेश तथा चेतना पथ, हरिद्वार में प्रकाशित हो चुकी है।

आज गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार के कनखल में संचालित है, पर शुरुआत में यह तत्कालीन बिजनौर के कांगड़ी गांव के पश्चिम में गंगा रेती के टापू, जो बाद में पुण्य भूमि कहलाया पर स्थित था। आचार्य पंडित पद्म सिंह शर्मा भी यहां पढ़ाते थे। इस गुरुकुल के संस्थापक शिक्षाविद मुंशीराम, बाद में महात्मा श्रद्धानंद कहलाए। गुरुकुल के वार्षिक आयोजन में देश की प्रसिद्ध विभूतियों को आमंत्रित किया करते थे। एक आयोजन में देश दुनिया के सुप्रसिद्ध साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद को उन्होंने आमंत्रित किया और हरिद्वार रेलवे स्टेशन से इनको ससम्मान लाने की जिम्मेदारी आचार्य जी को सौंपी।



मुंशी प्रेमचंद को आचार्य जी हरिद्वार रेलवे स्टेशन लेने गए, वहां से गुरुकुल कांगड़ी लाना था। स्टेशन के बाद लगभग आठ-नौ किलोमीटर की यात्रा के आखिर में गंगा की धारा मिली। इसे पार करने के लिए वहां पुल न था। मजबूरी में तुम्बे से बनी एक छोटी से डोंगी में बैठकर दोनों गंगा पार करने लगे। इस दौरान डोंगी डगमगाई तो मुंशी प्रेमचंद उसकी स्थिरता और सुरक्षा के प्रति थोड़ा सशंकित हो गए। गुरुकुल की पुण्यभूमि मिलने पर उन्होंने राहत की सांस ली। इस बात का जिक्र मुंशी प्रेमचंद जी ने अपने एक लेख में किया। मैंने और मेरे सहयोगी श्री राजकुमार ने भी इसी प्रकार टायर ट्यूब से बनी छोटी नाव पर यात्रा की थी और तब वह संस्मरण याद आ गया था। आचार्य जी एक पत्रिका के संपादक थे। बिहार के राजेंद्र प्रसाद जी का लिखा एक शुरुआती लेख आचार्य जी ने पत्रिका में छापा था, इस पर राजेंद्र प्रसाद जी ने पत्र लिखकर आभार जताया। राजेंद्र प्रसाद जी आजादी की बाद देश के प्रथम राष्ट्रपति बने।

पंडित पद्म सिंह शर्मा का जन्म 25 फरवरी 1876 को तथा निधन 07 अप्रैल1932 में हुआ था। आप सुप्रसिद्ध सम्पादक, निबंधकार, साहित्य समीक्षक, समालोचक, बहुभाषी और कवि रहे। आप बड़े पक्के आर्यसमाजी भी थे। मैं जनपद बिजनौर का परिचय नामक पुस्तक लिख रहा था। एक सुझाव आया कि जनपद मूल के शीर्ष साहित्यकारों का यथासंभव फोटो/विवरण दिया जाये। इस क्रम में आचार्य जी का चित्र मैंने पुस्तक में लगाया। इस प्रकार जब भी जनपद के साहित्य और साहित्यकारों की चर्चा होती है, पंडित जी का नाम और उल्लेख होने लगता है। आचार्य पंडित पद्म सिंह शर्मा की 150 वीं जन्म जयंती पर सादर श्रद्धांजलि अर्पित है। आज बड़ी जरूरत इसकी है कि पंडित पदम् सिंह शर्मा जी के विलुप्त होते साहित्य को पुनर्प्रकाशित कराया जाये।

**-हेमन्त कुमार :**
संयोजक क्षेत्रीय इतिहास संकलन एवं लेखन अभियान ग्राम फीना, जनपद बिजनौर।
(यह लेख डायरी के पदचिन्ह नामक पुस्तक का अंश है।)

# पंडित पद्म सिंह शर्मा का द्विवेदी युग के गद्य लेखकों व समालोचकों में था विशेष स्थान

बिजनौर जनपद के नूरपुर ब्लॉक के ग्राम नायक नंगला में जन्मे द्विवेदी युग के महान गद्य लेखक तथा समालोचक पंडित पद्म सिंह शर्मा साहित्य जगत में अपनी अनुपम लेखनी से आज भी नये लेखकों के प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं। देश के प्रथम राष्ट्रपति रहे डॉ. राजेंद्र प्रसाद उन्हें अपना गुरु मानते थे। हिंदी का सर्वोच्च पुरस्कार मंगला प्रसाद पारितोषित सबसे पहले पं.पद्म सिंह शर्मा को मिला था। पं.पद्म सिंह शर्मा का जन्म 25 फरवरी 1876 दिन रविवार, फाल्गुन सुदी 12 संवत 1933 को तहसील चांदपुर के ब्लॉक नूरपुर के ग्राम नायक नंगला में पिता चौधरी उमराव सिंह, माता चन्दन देवी के घर हुआ था। इनके पिता भूमिहार ब्राह्मण थे। इनकी विद्यारम्भ दस-बारह वर्ष की आयु में गांव में ही हुई। इसके बाद इनके पिता ने राजा का ताजपुर में राजा प्रताप सिंह द्वारा स्थापित आवासीय संस्कृत पाठशाला में इनका दाखिला कराया। बाद में यह विद्यालय टूट-फूट गया। आज यहां प्राथमिक विद्यालय प्रथम बना हुआ है, जो कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित है। इन्होंने अष्टाध्यायी भी पढ़ी। काशी, मुरादाबाद, लाहौर, जालंदर आदि स्थानों पर रहकर संस्कृत, फ़ारसी का अध्ययन किया। सन् 1904 में गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार में अध्यापक बन गये। सम्पादकाचार्य पंडित रुद्रदत्त शर्मा के साथ इन्होंने साप्ताहिक समाचार-पत्र सत्यवादी का सम्पादन किया। चार वर्ष बाद वे अजमेर चले गये, वहां उन्होंने परोपकारी पत्रिका का सम्पादन किया। वर्ष 1917 में पिता उमराव सिंह की मृत्यु हो जाने पर वे गुरुकुल छोड़ अपने गांव नायक नंगला आकर रहने लगे। यहां उन्होंने अपना लेखन कार्य जारी रखा, उनकी लेखनी अनुपम थी। रेखा चित्र व संस्मरण इन दो विद्याओं का प्रवर्तन हिंदी में इन्होंने ही किया था। महाकवि अकबर और कविरत्न सत्यनारायण के जो संस्मरण उन्होंने लिखे वे नये लेखकों को प्रेरणा देने के लिये पर्याप्त हैं। उनकी लिखी हुई बिहारी सतसंई की टीका उनके ब्रजभाषा प्रेम का एक अनूठा उदाहरण है। पद्म पुराण, संजीवन भाष्य, हिंदी उर्दू हिंदुस्तानी आदि इनकी प्रमुख पुस्तकें हैं। वर्ष 1928 में अखिल भारतीय हिंदी साहित्य सम्मेलन के अष्टादश अधिवेशन के सभापति चुने गये।



सन् 1932 में उनका गांव नायक नंगला प्लेग की चपेट में आ गया था। वे गांव के लोगों की पीड़ा को देख उनकी सेवा में लग गये। सेवा करते हुए वे स्वम् भी प्लेग की चपेट में आ गये। 7 अप्रैल 1932 को गांव में ही उनका निधन हो गया। उनकी मृत्यु से आहत राष्ट्रकवि मैथलीशरण गुप्त ने लिखा था, आज उच्च वसित क्यों न हो सूना मानस सदम, स्वर्ग योग्य ही था अहो वह पुण्यात्मा पदम। मुंशी प्रेमचंद जी ने अपनी साहित्यिक रचनाओं में उन्हें स्थान दिया। उनके लोकप्रिय उपन्यास गोदान को जब समालोचकों ने नकारा तो पं. पद्म सिंह शर्मा ने उसकी समीक्षा कर मुंशी प्रेमचंद के इस उपन्यास की प्रशंसा कर उनके साहित्यिक मनोबल को बढ़ावा दिया। अपनी रचना हंस में मुंशी प्रेमचंद जी ने लिखा है कि शर्मा जी जितने बड़े साहित्यकार थे, उससे कहीं बड़े मनुष्य भी थे।

**-कमलजीत सिंह नूर**
**9758002867**

# कई भाषाओं के जानकार थे पंडित जी

## अ.भा. साहित्य परिषद हरिद्वार ने श्रद्धांजलि अर्पित की

अखिल भारतीय साहित्य परिषद, हरिद्वार द्वारा ओमविहार स्थित 'श्री हरिसदनम' में एक विचार-गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें द्विवेदी युगीन साहित्यकार, सुप्रसिद्ध समालोचक तथा सम्पादकाचार्य पं. पद्मसिंह शर्मा की 150वीं जन्मजयन्ती पर उन्हें याद कर उनके व्यक्तित्व, कृतित्व पर साहित्यकारों द्वारा प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हिन्दी साहित्यकार एवं कवि डॉ.सुशील कुमार त्यागी 'अमित' ने कहा कि पं. पद्मसिंह शर्मा का जन्म ग्राम नायक नंगला, तहसील चांदपुर जनपद बिजनौर (उ.प्र.) में 25 फरवरी सन् 1876 को त्यागी ब्राह्मण परिवार में हुआ था। वे संस्कृत भाषा के विशिष्ट विद्वान तो थे ही, उर्दू, फारसी, बंगला और मराठी भाषाओं के भी अच्छे जानकार थे। उन्होंने गुरुकुल कांगड़ी तथा गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर में काफी समय तक अध्यापन, लेखन तथा सम्पादन का कार्य किया था। इसी क्रम में अखिल भारतीय साहित्य परिषद् हरिद्वार के महामन्त्री एवं संस्कृत-हिन्दी कवि डॉ. विजय कुमार त्यागी ने कहा कि 'बिहारी की सतसई की भूमिका' और 'बिहारी सतसई संजीवन भाष्य' पं. पद्मसिंह शर्मा जी की प्रसिद्ध एवं महत्तवपूर्ण रचनाएं हैं। श्री पवन उपाध्याय ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि पं. पद्मसिंह शर्मा से आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी, मुंशी प्रेमचन्द, महाकवि नाथुराम शर्मा शंकर जैसे महान साहित्यकार भी प्रभावित रहे। डॉ. अशोक गिरि ने कहा कि पं. पद्मसिंह शर्मा गद्य लेखकों और समालोचकों में विशेष स्थान रखते हैं। वे एक कुशल संस्मरण लेखक भी थे। कवयित्री डॉ. मीरा भारद्वाज ने कहा कि पं. पद्मसिंह शर्मा ने न जाने कितने नये लेखकों, कवियों को हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में आगे बढ़ाया था। इस अवसर पर अनीता, दीपशिखा, प्राची, शिविजय आदि ने भी पं. पद्मसिंह शर्मा का पुण्य स्मरण कर श्रद्धांजलि समर्पित की।



# फेफड़ों में पानी भरने से हुई थी किसान की मौत

**नहटौर ( चिंगारी )।** खेत की नाली में मिले किसान संजय सिंह के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण फेफड़ों में पानी भरना बताया है। किसान के लापता होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने खेतों में तलाशी की थी। बता दें कि मंगलवार को रूप से तलाशी अभियान चलाया था। बताया जाता है कि संजय कुमार का शव खेत में बनी पानी की नाली में पड़ा हुआ मिला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। आशंका लगाई जा रही है कि किसी कारण बेहोश होने पर कुंए की नाली में गिर गये थे। नाली में पानी होने के कारण पानी श्वसन नली के द्वारा फेफड़ों में पहुंच गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फेफड़ों में पानी भरने से किसान की मौत होना है।

## कुंए की नाली में पड़ा मिला था शव

बिलासपुर निवासी संजय कुमार (50 वर्ष) अपने खेतों की सिंचाई के लिए गये थे। देर सायं को परिजनों और ग्रामीणों ने काफी देर तक उनकी तलाश की, लेकिन उनका कहीं सुराग नहीं लगा। पहले किसान को गुलदार द्वारा उठाकर ले जाने की आशंका व्यक्त की गई थी। सूचना मिलने पर सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय भी पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे थे। पुलिस और ग्रामीणों ने संयुक्त

## रोटावेटर में फंसने से किसान का पैर कटा

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** खेत में जुताई कर रहे किसान का एक पैर रोटावेटर में फंस जाने से टुकड़े-टुकड़े होकर शरीर से अलग हो गया। पैर कूल्हे तक फंस जाने पर ट्रैक्टर बंद हुआ और किसी तरह किसान की जान बची। किसान को गंभीर हालत में बिजनौर के एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। उक्त दर्दनाक घटना क्षेत्र के ग्राम तिसोतरा में सतेन्द्र सिंह के साथ घटी। सतेन्द्र सिंह (40 वर्ष) पुत्र जयपाल सिंह देर शाम अपने खेत में ट्रैक्टर-रोटावेटर से जुताई कर रहा था, जब वह ट्रैक्टर से उतरकर रोटावेटर में कुछ कार्य कर रहा था, तो असावधानीवश उसका दायां पैर रोटावेटर में बुरी तरह से फंस गया। कूल्हे के समीप तक उसका पैर टुकड़े-टुकड़े होकर शरीर से अलग हो गया। पैर पूरी तरह खत्म होकर शरीर से अलग हो जाने के अलावा उसका कूल्हा भी बुरी तरह से डैमेज हो गया। किसान को गंभीर हालत में बिजनौर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। किसान के साथ घटी इस दर्दनाक घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। लोगों से उसकी हालत देखी भी नहीं गई। सैकड़ों लोगों ने किसान के घर पर जाकर उसके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# दहेज उत्पीड़न के आरोप में पति सहित ससुराल पक्ष के 6 लोगों पर केस दर्ज

**नूरपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र नूरपुर के गांव गौहावर निवासी महिला ने एसपी को दिए प्रार्थना-पत्र में बताया कि उसकी शादी करीब सात वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र स्योहारा के गांव फैजुल्लापुर निवासी मोहित के साथ हुई थी, शादी में उसके मायके वालों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था, लेकिन उसकी ससुराल वाले पति मोहित कुमार, ससुर महेन्द्र सिंह, सास सुमन, देवर सुमित व अंकुर व नन्द मोनी उक्त दहेज से खुश नहीं थे। महिला का आरोप है कि उसकी ससुराल वाले 2 लाख रुपये की मांग करते हुए उसका शारिरिक व मानसिक उत्पीड़न करते थे। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति उसकी फ़ोटो पर गंदे-गंदे कमेंट्स लिखकर अन्य व्यक्तियों के मोबाइल पर वायरल करता है। पीड़िता का आरोप है कि गत 8 अगस्त को उसके ससुराल वाले उसके घर पर आए गन्दी-गन्दी गालियां देते हुए उसके साथ मारपीट का शोर सुनकर आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। महिला ने उक्त घटना की शिकायत स्थानीय पुलिस से की, लेकिन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की थी। इसलिए पीड़िता ने एसपी को प्रार्थना-पत्र दिया था। पुलिस ने एसपी के आदेश पर पति समेत छह लोगों के ख़िलाफ़ मामला दर्ज किया है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## पिता-पुत्र समेत पांच के ख़िलाफ़ मामला दर्ज

**नूरपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के गांव दरियापुर निवासी राकेश सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत मंगलवार को उसकी बेटी दुकान से सामान लेकर घर वापस आ रही थी, इस दौरान गांव निवासी युवक अंकित उसकी बेटी के साथ गाली-गलौच करने लगा। उसकी बेटी ने जब गालियां देने से मना किया तो अंकित, रमेश, सोनू, अंकुल व नन्हे ने उसके साथ मारपीट की। इस बीच उसका बेटा बब्लू बचाने आया तो आरोपियों ने उसके सर में डंडा मारकर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पिता-पुत्र समेत पांच आरोपियों के ख़िलाफ़ मामला दर्ज किया है।

# स्वयंसेवकों ने किया वृक्षारोपण



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के अजुपुरा जट गांव में एसपी कॉलेज तिगरी की ओर से चलाए जा रहे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के पंचम दिवस पर स्वयंसेवकों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संतुलन का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने से वातावरण शुद्ध होता है। महाविद्यालय प्रबंधक राहुल बंसल ने आग्रह किया कि हमें प्रत्येक दशा में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ी को शुद्ध हवा मिल सके। पारुल, गौरवी, गौरव, अनिकेत, अनिरुद्ध, राहुल आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे। डॉ. अंबिका बंसल, विपिन कुमार, गुरदीप सिंह, कपिल शर्मा, आसिफ मंसूरी, देव मौर्य, संगीता सैनी का विशेष योगदान रहा।

# सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत, पिता की हालत गम्भीर

**नूरपुर ( चिंगारी )।** सड़क हादसे में घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि उसके पिता का गम्भीर हालत में अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर बाइक चालक के ख़िलाफ़ मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के गांव धौलागढ़ निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पति जयप्रकाश सिंह उर्फ पप्पू व पुत्र अजय कुमार गत 19 फरवरी की शाम को बाइक द्वारा एक बारात में मंडेय्यो गए थे। इस दौरान तेजगति व लापरवाही से बाइक चलाते हुए शुभम अग्रवाल निवासी रामदास नगर नई दिल्ली ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में उसका पति व पुत्र दोनों गम्भीर रूप से घायल सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां चिकित्सकों ने उनकी नाजुक हालत के चलते प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया था। परिजन उन्हें उपचार के लिए मुरादाबाद ले गए थे, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें दिल्ली रैफर कर दिया था। गत 23 फ़रवरी को उपचार के दौरान अजय कुमार की मौत हो गई थी, जबकि पिता जयप्रकाश का उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी बाइक चालक के ख़िलाफ़ तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

# किसी को इच्छा के विरुद्ध रंग न लगायें रंगों से परहेज है तो घर से बाहर न जायें

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** होली, रमज़ान एवं ईद के उपलक्ष्य में आयोजित शांति समिति की बैठक में सभी लोगों से शांति, सद्भाव एवं सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गई। थाना प्रांगण में आयोजित शांति समिति की बैठक में जिला पंचायत सदस्य हाफिज मौ. यूनुस, भाजपा नेता वीरेन्द्र शर्मा, आरएसएस नेता शिवध्यान सिंह, कांग्रेस नेता खालिक हुसैन ने लोगों का आह्वान किया कि सभी पर्व मिल-जुलकर, शांति के साथ मनायें। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने गणमान्य व्यक्तियों से सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि पुलिस के लिये जनता का सहयोग अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने लोगों का आहवान किया कि किसी को भी उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरन रंग न लगायें। साथ ही जिन्हें होली के रंगों से परहेज हो, वे लोग जुलूस के वक्त घरों के अंदर ही रहें। मस्जिदों पर रंग न पड़े, इसके लिये उन्हें पन्नी, तिरपाल से ढक दें। गन्ना समिति नजीबाबाद के डायरेक्टर सुधीर चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता हेमेन्द्र चौधरी, सुशील शुक्ला फौजी, नरपाल फौजी, अतुल अग्रवाल, डा. महीपाल सिंह, अर्पण कुमार, शहजाद आलम एड., अरुण कुमार, अब्दुल हक, नसीम अहमद 'पेमा', मौ. राशिद, अविनाश कुमार, सुरेन्द्र सिंह, मौ. शहाबुद्दीन, वाहिद हुसैन, ज्ञान सिंह, मौ. अहमद अंसारी, कपिल राणा, सुनील कुमार धीमान, वाहिद हुसैन मौजूद रहे।



# शिक्षक पूर्ण निष्ठा से काम करें - तपराज सिंह

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** बेसिक शिक्षा के उन्नयन हेतु शिक्षकों-ग्राम प्रधानों में बेहतर तालमेल स्थापित करने के उद्देश्य से ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं शैक्षिक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष प्रशांत सिंह एवं खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन द्वारा किया गया।



कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण, टीचर्स एवं बालिकायें।

## ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं शैक्षिक उन्मुखीकरण कार्यक्रम

नजीबाबाद के एक निजी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक विद्यालय जटपुरा बौंडा की बालिकाओं ने भ्रूण हत्या पर नाटक प्रस्तुत कर सभी की वाहवाही लूटी। एआरपी डा. राहुल वर्मा ने सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिशन कायाकल्प के 19 बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। एआरपी रितेश भाटिया ने निपुण भारत के सम्बन्ध में अपने विचार प्रस्तुत किये। एआरपी सूची राणा ने डीबीटी द्वारा प्राप्त होने वाली सुविधाओं के विषय में आंकड़े प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं को ग्राम प्रधानों द्वारा अपेक्षित सहयोग दिये जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने शिक्षकों का आहवान किया कि समाज में बेहतर सामंजस्य स्थापित कर अपना कर्तव्य पालन करें। मुकेश शर्मा के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में मंजू पचहरा, हर्षा पाल, किरन राजपूत, नीतू शर्मा, नीता तोमर, सुनील शर्मा, शिवम कुमार, प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राहुल हुड्डा, ग्राम प्रधान लाहक कलां राकेश कुमार, देवेन्द्र शर्मा, रामनाथ सिंह, महेन्द्र सिंह, अभयराम, अमित त्यागी, भुवनेश्वरी, पीतांबर सिंह, जयप्रकाश, तनवीर अहमद आदि शिक्षक-शिक्षिकायें उपस्थित रहे।

# 1.11 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश करेगी उत्तराखण्ड सरकार

## धामी कैबिनेट में 28 प्रस्तावों पर लगी मुहर

**देहरादून ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न हो गई है। इस बैठक में कुल 28 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पेश होने वाले बजट पर भी मंत्रिमंडल ने सहमति दी है। पिछले वित्तीय वर्ष के



मुकाबले इस साल बजट में 10 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। ऐसे में इस साल 1.11 लाख करोड़ रुपए का बजट सदन के पटल पर रखा जाएगा। मंत्रिमंडल ने बजट में संशोधन किए जाने संबंधित निर्णय के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अधिकृत कर दिया है। कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान 32 मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसमें से 28 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। बैठक के दौरान आगामी विधानसभा बजट सत्र में पेश होने वाले बजट पर भी चर्चा की गई। मंत्रिमंडल ने आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को मंजूरी दी है। बजट में संशोधन करने की जरूरत संबंधी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अधिकृत कर दिया है।

### कैबिनेट बैठक के मुख्य बिंदु

**आगामी वित्तीय वर्ष के लिए 1.11 लाख करोड़ का बजट होगा पेश। कैबिनेट से मिली मंजूरी, इसमें संशोधन में लिए सीएम धामी को किया गया अधिकृत। यूआईआईडीबी के ढांचे में अतिरिक्त 14 नवीन पद ऑन को सृजित किए जाने और पूर्व से सृजित सहायक महाप्रबंधक लेखा/ लेखाकार का पदनाम व ऑफिस बॉय का मानदेय परिवर्तित किए जाने पर मिली मंजूरी। मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना में 21 अशासकीय अनुदानित महाविद्यालय जहां पर नियमित प्रचार नियुक्त हैं को योजना में शामिल करने का निर्णय लिया गया है। उच्च शिक्षा विभाग के तहत स्वामी विवेकानंद उत्तराखंड की पुस्तकालय योजना को मंजूरी दी गई है। उत्तराखंड वन विभाग सर्वेक्षक सेवा नियमावली 2010 में किया गया संशोधन।**

### इन प्रस्तावों पर भी लगी मुहर

**देहरादून जिले के विकास नगर, उधमसिंह नगर जिले के काशीपुर और नैनीताल जिले के मुख्यालय में, यानी कुल 03 अतिरिक्तफास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट की स्थापना और संबंधित फास्ट ट्रैक कोर्ट के लिए पदों के सृजन को मिली मंजूरी। नैनीताल हाईकोर्ट के लिए 01 और जिला न्यायालयो के लिए 13, यानी कुल 14 न्यायालय प्रबंधकों के नए पदों को सृजित किए जाने पर बनी सहमति। विश्व बैंक के सहयोग से कियान्वयन के लिए स्टीयरिंग कमेटी व प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट यूनिट का गठन और प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट यूनिट के लिए पदों के सृजन को मिली मंजूरी। उत्तराखंड जन विश्वास ( उपबंधों का संशोधन ) विधेयक 2026 को मिली मंजूरी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद प्रदेश में तदर्थ / अनुबन्ध / संविदा/आउटसोर्स के आधार पर कार्यरत 04 विशेष शिक्षकों को माध्यमिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक ( एल.टी. ) विशेष शिक्षा शिक्षक के पदों के सापेक्ष नियमित नियुक्ति को मंत्रिमंडल की मिली मंजूरी।**

## एमडीडीए ने ऋषिकेश में अवैध बहुमंजिला भवन किया सील

**देहरादून ( चिंगारी )।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) द्वारा अवैध निर्माण और अवैध प्लाटिंग के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। प्राधिकरण की टीम ने ऋषिकेश क्षेत्र में एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बनाए जा रहे बहुमंजिला भवन को सील कर दिया। यह भवन लक्कड़घाट रोड, निर्मल बाग, ब्लॉक-सी में निशांत मालिक द्वारा निर्मित किया जा रहा था। प्राधिकरण को लगातार मिल रही शिकायतों और निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं के आधार पर यह कार्रवाई की गई। एमडीडीए की टीम मौके पर पहुंची और नियमानुसार सीलिंग की प्रक्रिया पूरी की। कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता अभिषेक भारद्वाज, अवर अभियंता पूनम सकलानी, मनीष डिमरी, सुपरवाइजर तथा पुलिस बल मौजूद रहा।

एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण या अवैध प्लाटिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्माण कार्य करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। तिवारी ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों को पहले नोटिस जारी किया जाता है, उसके बाद भी कार्य नहीं रुकने पर सीलिंग और ध्वस्तीकरण जैसी कार्रवाई की जाती है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि संपत्ति खरीदने से पहले उसकी वैधता की जांच अवश्य कर लें।

## परिवहन विभाग अधिकारियों ने किया जीएमओयू का निरीक्षण

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के परिवहन विभाग के अधिकारियों ने कोटद्वार स्थित गढ़वाल मोटर ओनर्स यूनियन लिमिटेड का निरीक्षण करते हुए कंपनी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कंपनी अध्यक्ष गजे सिंह रौथाण ने बताया कि उप परिवहन आयुक्त बरेली परिक्षेत्र कमल प्रसाद गुप्ता, एआरटीओ शिव शंकर सिंह, गौरी शंकर ठाकुर, योगेंद्र प्रसाद सिंह, अमित कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने जीएमओयू कार्यालय पहुंचकर कंपनी में चलने वाली बसों की संख्या, रूटों की स्थिति सहित अन्य जानकारी ली। कंपनी के सदस्यों व पदाधिकारियों ने अधिकारियों को जीएमओयू के संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में जीएमओयू यात्रा का एक बड़ा माध्यम है। इस मौके पर कंपनी महाप्रबंधक विजयपाल सिंह नेगी, भास्करानंद भारद्वाज, कुंवर सिंह रावत, गणेश चंद्र भट्ट, अनिल कुमार, महावीर सिंह रावत, सत्यानंद भट्ट आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम ने रात्रि चौपाल लगाई, ग्रामीणों ने समस्याएं बताईं

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण एवं शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकासखंड थलीसैंण के अंतर्गत ग्राम ग्वींठ में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। रात्रि चौपाल की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी थलीसैंण कृष्ण त्रिपाठी द्वारा की गई। उपजिलाधिकारी कृष्ण त्रिपाठी ने गांव में पहुंचकर ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाकर उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस दौरान ग्रामीणों ने मुख्य रूप से खेतों की सुरक्षा हेतु तारबाड़, पेंशन संबंधी समस्याएं तथा अन्य स्थानीय मुद्दे उठाए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार सुदामा प्रसाद, कानूनगो विजय गुसाईं, आरके प्रमोद पुण्डीर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा ग्राम के अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया आचार्य हरप्रसाद शास्त्री को सम्मानित किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारतीय दलित साहित्य अकादमी गढ़वाल मंडल की ओर से पदमपुर सुखरो स्थित अकादमी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा व समाज सुधार के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने पर पूर्व प्रधानाचार्य आचार्य हर प्रसाद शास्त्री को महात्मा ज्योतिबा फुले स्मृति सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आचार्य हरप्रसाद शास्त्री ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले भारत के एक महान समाज सुधारक, विचारक, समाजसेवी और क्रांतिकारी थे, जिन्हें 19 वीं सदी के सामाजिक सुधार आंदोलन में उनके योगदान के लिए जाना जाता है। उन्हें भारतीय सामाजिक क्रांति का जनक भी कहा जाता है। उन्होंने 1848 में स्त्री शिक्षा की शुरुआत की व अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ पुणे में लड़कियों के लिये देश का पहला स्कूल खोला। उन्होंने छूआछूत व जाति प्रथा का कड़ा विरोध किया व वंचित, शोषित, उपेक्षित समाज में समता, सम्मान व स्वाभिमान का नया प्रकाश फैलाने का काम किया। कहा कि समाज के लिए उनके दिए योगदान को हमेशा स्मरण किया जायेगा। कार्यक्रम में अकादमी के गढ़वाल मंडल अध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र लाल आर्य, जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार चौधरी, अनुज कुमार चौधरी, सतीश कुमार, बीर सिंह, शूरबीर खेतवाल व मोहन भारती आदि मौजूद रहे।

## डू समथिंग सोसायटी एक मार्च को मनायेगी होलिकोत्सव

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** डू समथिंग सोसाइटी की ओर से एक मार्च को होलिकोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है। शिबुनगर स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। संस्था सचिव विपिन जदली ने बताया कि महोत्सव के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मनीषियों को सम्मानित करने के साथ ही लोक गायक सौरभ मैठाणी की टीम रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देगी। मौके पर महोत्सव के विभिन्न कार्यों को संपादित करने के लिए आयोजन समिति का गठन भी किया गया।

## रंग एकादशी के जुलूस के साथ कल से शुरू होगा 6 दिवसीय होली महोत्सव

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर नगर के गौरव 6 दिवसीय होली महोत्सव का शुभारंभ कल 27 फरवरी, शुक्रवार को फल चौराहा स्थित प्राचीन मंदिर श्री ठाकुरद्वारा बजरिया से रंग एकादशी जुलूस निकालने के साथ हो जाएगा, जो लगातार 4 मार्च, बुधवार को दुल्हैण्डी के दिन तक चलेगा। रंग एकादशी जिसे आंवल एकादशी भी कहते हैं इस दिन महिलाएं आंवले के पेड़ की पूजा करती हैं और व्रत भी रखती है। इसी रंग एकादशी से धामपुर नगर में गीले रंग की शुरुआत मंदिर श्री ठाकुरद्वारा बजरिया से होती है, जहां सर्वप्रथम कृष्ण की मूर्तियों को ठंडाई का भोग लगाया जाता है। मंदिर श्री ठाकुर द्वारा बजरिया से निकलने वाला रंग एकादशी जुलूस आजादी के पूर्व से निकलता आ रहा है। बताया जाता है कि बजरिया अखाड़े के उस्ताद जगत प्रसाद उर्फ जग्गू उस्ताद व उनके शिष्य द्वारा यह परंपरा प्रारंभ की गई थी उनके निधन के बाद उनके पुत्र रामचरण पहलवान उर्फ कट्टू उस्ताद व उनके शिष्यों द्वारा इस परंपरा का निर्वहन किया जाता रहा। बताया जाता है कि रंग एकादशी जुलूस में प्रारंभ में कलश (घड़ों) में पानी भरकर निकाला जाता था, जिनको कहार उठाकर चलते थे और उन में भरे पानी को लोगों पर डाला जाता था। गीले रंग का यह जुलूस फल चौराहा से प्रारंभ होकर सर्राफा मार्केट, मेन बाजार, भगत सिंह चौक, खारी कुआं, राधा कृष्ण मंदिर आदि मार्गों से निकाला जाता था। आजादी के बाद इस रंग एकादशी जुलूस में बैल गाड़ियां शामिल हो गई, जिसमें पानी के ड्रम रखकर जुलूस को निकाला जाने लगा। इस दौरान जुलूस में नील रंग की घोड़ी आकर्षण का केंद्र रहती थी। उनके साथ डांस पार्टी, ढोल नगाड़े आदि शामिल रहते थे। वर्तमान में इस रंग एकादशी जुलूस ने विशाल रूप धारण कर लिया है। अब इसमें नीली घोड़ी के स्थान पर आकर्षक झांकियां, ट्रैक्टर ट्राली व ढोल नगाड़े शामिल रहते हैं। रंग एकादशी जुलूस मंदिर श्री ठाकुर द्वारा बजरिया कमेटी के अध्यक्ष विभू बंसल सर्राफ, पवन अग्रवाल एडवोकेट, अमरीश सिंघल, अखाड़े के उस्ताद विवेक कात्यायन, अनिल अग्रवाल जेके, लाजपत राय अग्रवाल मुखिया, दिनेश अग्रवाल नवीन, विजय चैयरमैन, आशीष अग्रवाल, मुरली अग्रवाल, नितिन अग्रवाल आदि के मार्गदर्शन में धूमधाम से निकाला जा रहा है। धामपुर के 6 दिवसीय होली महोत्सव के अंतर्गत आदर्श होली हवन समिति द्वारा 3 मार्च मंगलवार की शाम को रंग गुलाल का जुलूस निकाला जाएगा। जबकि 4 मार्च बुधवार दुल्हैण्डी पर विशाल होली हवन जुलूस निकाला जाएगा, जिसके तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
**संस्थापक-स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**




# प्राइवेट स्कूल के शिक्षक पर दो नाबालिग छात्राओं से दुष्कर्म का आरोप

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के एक प्राइवेट स्कूल के शिक्षक पर गुरु के रिश्ते को कलंकित करते हुए दो नाबालिग छात्राओं को हवस का शिकार बनाने का आरोप लगा है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बुधवार को एक व्यक्ति थाने पहुंचकर पुलिस को बताया कि 23 फरवरी की शाम करीब पांच बजे उसकी बेटी घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान स्कूल में पढ़ाने वाला एक शिक्षक बच्ची को खाने-पीने की चीजों का लालच देकर मकान से कुछ दूरी पर पशुशाला में लेकर चला गया। जहां शिक्षक ने बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। बच्ची के जब पेट में दर्द हुआ तो परिजन चिंता में पड़ गए और बच्ची से पूछताछ करने लगे। इसके बाद परिजनों को बच्ची द्वारा जो घटना बताई गई उसने सबको हैरत में डाल दिया। परिजनों ने बताया कि बच्ची जिस स्कूल में कक्षा 2 की छात्रा है, उसी स्कूल में वह शिक्षक भी पढ़ाता है। बुधवार को पहली शिकायत के कुछ देर बाद ही एक महिला दूसरी शिकायत लेकर थाने पहुंची। उसने भी बताया कि उसकी 11 वर्षीय बेटी को भी इसी शिक्षक द्वारा हवस का शिकार बनाया गया। महिला ने बताया कि आरोपी अध्यापक बच्चियों के साथ दुष्कर्म के बाद उनको मारने पीटने की धमकी दे रहा है, जिससे बच्चियां डर कर अपने साथ हुए दुष्कर्म की बात परिवार वालों से नहीं बता रही थी। इस घटना का खुलासा जब हुआ जब पीड़ित बच्ची के लगभग पांच वर्ष के भाई के द्वारा अपनी मम्मी पापा से दुष्कर्म की बात बताई गई। नजीबाबाद पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी शिक्षक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।







आवश्यकता है

TVS के लिये डीलर की हल्दौर, चंदक, बिलाई शुगर मिल

तुरन्त सम्पर्क करें।

पता- न्यू सिद्धि टीवीएस, बिजनौर

मो. 8006403337







